## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. एल पी जी पोत नंदा देवी गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर साढ़े छियालीस हजार मीट्रिक टन गैस लेकर पहुंचा।

2. भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के इस्लामोफोबिया और अफगानिस्तान पर हवाई हमले की कड़ी आलोचना की।

3. अंडमान निकोबार द्वीप समूह के लगभग तेरह हजार किसानों के बैंक खतों में पी एम किसान योजना की बाइसवीं किस्त के अंतर्गत दो दशमलव चौसठ करोड़ रुपये स्थानानंतरित किए गए।

4. अंडमान निकोबार ओलम्पिक एसोसिएशन के सहयोग से कॉलेज गेम्स दो हजार छब्बीस का जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में धूमधाम से शुभारंभ हुआ।

<><><><><><><>

भारतीय पोत नंदा देवी लगभग छियालीस हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर गुजरात के वडीनार बंदरगाह पर पहुंच गया है। यह पोत कतर से रवाना हुआ था और होर्मुज जल–डमरू–मध्य होते हुए भारत पहुंचा। बंदरगाह पर एलपीजी उतारने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कल एक और एलपीजी वाहक पोत मुंद्रा बंदरगाह पहुंचा था। दोनों खेपों से देश के गैस भंडार में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि गैस आपूर्ति में फिलहाल कोई कमी नहीं है। दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह ने आज वडीनार में एक बड़े जहाज से दूसरे जहाज में एलपीजी स्थानांतरण की जानकारी दी। श्री सिंह ने बताया कि मुख्य पोत 'नंदा देवी' छियालीस हजार 500 टन एलपीजी लेकर आ चुका है, जिसे छोटे जहाजों में स्थानांतरित करके एनोर और हल्दिया भेजा जाएगा।

<><><><><><><>

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया है कि खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक और जहाज सुरक्षित हैं। श्री सिन्हा ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर आज नई दिल्ली में आयोजित अंतरमंत्रालयी प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने

बताया कि पिछले 24 घंटों में खाड़ी देशों से एक सौ इकसठ भारतीय नाविकों को स्वदेश लाया गया है। श्री सिन्हा ने बताया कि दूसरा एलपीजी वाहक—नंदा देवी आज तड़के गुजरात के कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि दोनों एलपीजी वाहकों— शिवालिक और नंदा देवी से माल उतारने का काम चल रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। सुश्री सुजाता ने कहा कि सरकार वाणिज्यिक एलपीजी उपभोक्ताओं को पाइप—लाइन वाली प्राकृतिक गैस का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पाइपलाइन बिछाने के लिए लंबित अनुमतियों को स्वतः स्वीकृति दे दी जाए और नए आवेदनों को 24 घंटे के भीतर मंजूरी दी जाए।

<><><><><><><>

भारत ने पाकिस्तान द्वारा अहमदियों पर किए गए क्रूर दमन या रमज़ान के दौरान अफगानिस्तान पर हवाई बमबारी की कड़ी आलोचना की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामोफोबिया विरोधी अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान अपने पड़ोस में इस्लाम विरोधी भावना यानी इस्लामोफोबिया की मनगढ़ंत कहानियां गढ़ने में बहुत निपुण है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को, पाकिस्तान द्वारा धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संगठन के दुरुपयोग से संभावित खतरों पर ध्यान देना चाहिए। अफ़गानिस्तान की राजधानी काबुल में कल रात एक अस्पताल पर हुए पाकिस्तानी हवाई हमले में कम से कम 400 लोग मारे गए और करीब ढाई सौ घायल हो गए थे।

<><><><><><><>

दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने बताया है कि कल कतर एयरवेज की उड़ानों से लगभग 1,100 भारतीय यात्री नई दिल्ली, मुंबई, कोच्चि और अन्य गंतव्यों के लिए रवाना हुए हैं। साथ ही जानकारी दी कि इन गंतव्यों के लिए आज भी उड़ानें संचालित होंगी। दूतावास ने यह भी कहा कि कतर एयरवेज कल से अहमदाबाद, अमृतसर, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोच्चि, कोझिकोड और मुंबई के लिए उड़ानें संचालित करेगी। साथ ही बताया कि कतर में अल्पकालिक यात्रा पर फंसे भारतीय नागरिक यदि सऊदी अरब के रास्ते भारत की यात्रा करना चाहते तो उनके लिए सऊदी अरब के अस्थायी ट्रांजिट वीजा की सुविधा जारी रहेगी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 मार्च को ज्योति–विष्णु अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किश्त जारी की। इस कार्यक्रम के दौरान अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह के बारह हजार नौ सौ तिरानबे पात्र किसानों को कुल दो दशमलव छ चार करोड़ रुपये सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए। अंडमान और निकोबार प्रशासन के कृषि विभाग ने 13 मार्च को सभी ब्लॉक्स और विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया, ताकि किसानों और स्थानीय अधिकारियों को प्रधानमंत्री द्वारा किश्त जारी करने का लाइव प्रसारण देखा जा सके। इस अवसर पर द्वीपसमूह में कुल दो हजार चार सौ इक्यासी से अधिक प्रतिभागियों – जिनमें किसान, पंचायत प्रतिनिधि, केवीके अधिकारी और अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे – ने webcast के माध्यम से कार्यक्रम में भाग लिया। अब तक PM–KISAN योजना के तहत अंडमान और निकोबार के किसानों को कुल बासठ दशमलव शून्य एक तीन करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। इस वितरण ने स्थानीय किसानों की वित्तीय सुरक्षा और कृषि विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में जनरल ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर के पद पर संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि पात्र अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार का आयोजन 19 और 20 मार्च को किया जाएगा। यह इंटरव्यू सुबह 10 बजे से सचिव (स्वास्थ्य), अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के कक्ष में आयोजित होगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए साक्षात्कार के दिन सुबह 9 बजे सचिवालय के मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित रहें।

<><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार कॉलेज गेम्स–2026 का आज जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में उत्साह और उमंग के साथ शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का संचालन शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग, JNRM द्वारा अंडमान एवं निकोबार ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से किया जा रहा है। अंडमान एवं निकोबार ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्षा डॉ. लाली जोसेफ ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल भावना और समर्पण के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

JNRM की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में टैगोर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मंजू तथा ANCOL के प्राचार्य डॉ. जय कुमार भी उपस्थित थे। इस अवसर पर 'शहीद कैप्टन असीम भट्टाचार्य मेमोरियल ट्रॉफी' का भी शुभारंभ किया गया, जो प्रतियोगिता के समग्र विजेता कॉलेज को प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे अंतर–महाविद्यालय खेल प्रतियोगिता की एक शानदार शुरुआत देखने को मिली।

<><><><><><>

रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ने घोषणा की है कि जिला चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल 28 और 29 मार्च को श्री विजयापुरम में आयोजित किया जाएगा। इन ट्रायल्स का उद्देश्य जिले की टीमों का चयन करना है, जो सीनियर नेशनल रग्बी सेवन्स चैंपियनशिप 2026 में भाग लेंगी। यह चैंपियनशिप बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित होगी। पंजीकरण लिंक रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के आधिकारिक व्हाट्सएप समूह में साझा किया जाएगा। इसके अलावा प्रतिभागी स्टेट ओलंपिक एसोसिएशन, श्री विजयापुरम से 99–33–248–121 नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>